# भारतीय स्टेट बैंक

**केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग**

**कार्पोरेट केन्द्र, मुम्बई**

## भारतीय स्टेट बैंक में परिवीक्षाधीन अधिकारियों की भर्ती की ऑनलाइन मुख्य परीक्षा के लिए

**[ CRPD/PO/2024-26/04 ]**

**(ऑनलाइन मुख्य परीक्षा दिनांक 13.09.2025)**

# "स्वयं जानकारी पुस्तिका"

## प्रस्तावना

यह पुस्तिका आपको भारतीय स्टेट बैंक में परिवीक्षाधीन अधिकारियों की भर्ती के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षा की विस्तृत जानकारी देती है। इस पद पर का विज्ञापन बैंक के वेबसाइट https://www.sbi.co.in/careers/current-openings में दिया गया था । विज्ञापन सं. CRPD/PO/2025-26/04 में निबंधन और शर्तें, परीक्षा की अवधि, परिलब्धियाँ आदि सूचित की जा चुकी हैं। आपको, यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि विज्ञापन में निर्धारित आयु, शैक्षणिक योग्यता, राष्ट्रीयता आदि के अनुसार आपकी पात्रता है।

वेबसाइट https://bank.sbi/careers/current-openings एवं https://www.sbi.co.in/careers/current-openings में दिया गया था

इस पुस्तिका में आप द्वारा दी जाने वाली ऑनलाइन मुख्य परीक्षा के विभिन्न पहलुओं का विवरण दिया गया है, साथ ही यह भी बताया गया है कि परीक्षा में आपको किस प्रकार की प्रश्नावलियां दी जाएंगी। **परीक्षा ऑनलाइन ली जाएगी।** आपको सलाह दी जाती है कि इस पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़ें क्योंकि यह आपको परीक्षा की तैयारी करने के लिए सहायता करेगी।

## सामान्य अनुदेश

1. **नोट करने योग्य बातें :** बुलावा पत्र पर दिया गया आपका परीक्षार्थी क्रमांक, परीक्षा की तिथि, समय तथा परीक्षा केद्र को कृपया ध्यानपूर्वक नोट कर लें।

2. **उपस्थिति में समय की पाबंदी :** उम्मीद**वार बुलावा पत्र में उल्लिखित समय अनुसार परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हों। देर** से आनेवाले उम्मीदवारों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

3. **बुलावा पत्र :** कृपया परीक्षा केद्र पर अपना ऑनलाइन मुख्य परीक्षा का बुलावा-पत्र, जिस पर पासपोर्ट आकार के आपके **नवीनतम** फोटो की एक प्रति निर्धारित स्थान पर अच्छे प्रकार से चिपकी हुई होनी चाहिए, फोटो पहचान के लिए प्रमाण पत्र मूल रूप में और साथ में फोटोकापी सहित अपने साथ अवश्य लायें। **इसके अतिरिक्त, ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा का बुलावा पत्र और फोटो पहचान के प्रमाण की कॉपी, जो प्रारंभिक परीक्षा के समय परीक्षा अधिकारी द्वारा अधिप्रमाणित/स्टाम्प किया गया था, वह भी लाना होगा। फोटो पहचान के लिए प्रमाण पत्र मूल रूप में और साथ में फोटोकापी या ऑनलाइन मुख्य परीक्षा का बुलावा पत्र न लाने, ऑनलाइन मुख्य परीक्षा के बुलावा पत्र पर आपकी फोटो ना लगाने, ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा का बुलावा पत्र और फोटो पहचान प्रमाण की कॉपी, जो प्रारंभिक परीक्षा के समय अधिकारी द्वारा अधिप्रमाणित/स्टाम्प की गई हो, वह न लाने की स्थिति में आपको परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी।** बुलावा-पत्र पर परीक्षार्थी के हस्ताक्षर के लिये दिए हुए स्थान पर आपको अपने हस्ताक्षर पर्यवेक्षक के समक्ष करने होंगे। बुलावा पत्र लेते समय पर्यवेक्षक उस पर आपके बाएं अंगूठे का निशान लेगा। CAPITAL LETTERS में हस्ताक्षर स्वीकार नहीं होंगे। परीक्षा केंद्र में पर्यवेक्षक जब परीक्षार्थियों से बुलावा पत्र इकट्ठा करता है तब अपने दोनों बुलावा पत्र फोटो पहचान के लिए प्रमाणपत्र की फोटोकापी के साथ उसे सौंप दे।

4. **अभ्यर्थी जो स्क्राइब की सेवाओं के लिए पात्र हैं और उसका उपयोग करना चाहते हैं, उन्हें बुलावा पत्र के साथ एक घोषणा फॉर्म (स्क्राइब घोषणा फॉर्म) जमा करना होगा। निंदेश एवं स्क्राइब घोषणा पत्र बैंक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।**

5. **दिनांक 10.08.2022 के OM - F. No. 29-6/2019-DD-III के अनुसार स्क्राइब का लाभ लेने वाले उम्मीदवारों को स्क्राइब सुविधा की अनुमति ऑनलाइन परीक्षा के समय, उक्त दिशानिर्देशों के परिशिष्ट I और परिशिष्ट II के अनुसार किसी सरकारी चिकित्सा संस्थान के सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी से इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर दी जाएगी कि संबंधित व्यक्ति के पास लिखने की सीमित क्षमता है और वह स्क्राइब उसकी ओर से परीक्षा लिखने हेतु आवश्यक है। ऐसे उम्मीदवारों को उक्त दिशानिर्देशों के परिशिष्ट I के अनुसार निर्दिष्ट चिकित्सा प्रमाण पत्र के बिना परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। स्क्राइब की योग्यता परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी की योग्यता से एक कदम कम होनी चाहिए। स्क्राइब चुनने वाले अभ्यर्थी को उक्त कार्यालय ज्ञापन के परिशिष्ट-II में दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार स्क्राइब का विवरण प्रस्तुत करना होगा ।**

6. परीक्षा के दौरान, किसी भी समय, यदि यह पाया जाता है कि स्क्राइब स्वतंत्र रूप से प्रश्नों का उत्तर दे रहा है/ हल कर रहा है, तो ऐसे उम्मीदवारों के लिए परीक्षा सत्र समाप्त कर दिया जाएगा, और उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। स्क्राइब की सेवाओं का इस्तेमाल करने वाले ऐसे उम्मीदवारों की भी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी जिनके बारे में परीक्षा प्रशासक कर्मी द्वारा परीक्षा के बाद यह रिपोर्ट दी जाती है कि उम्मीदवार के स्क्राइब ने स्वयं प्रश्नों के उत्तर दिए हैं।

7. **अनुदेशों का पालन करना :** जिस परीक्षा के लिये आपको बुलाया गया है उसकी सभी अवस्थाओं में आपको परीक्षा-प्रशासकों और पर्यवेक्षकों द्वारा दी गई हिदायतों का ठीक ठीक पालन करना होगा। यदि आप हिदायतों का उल्लघंन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जायेगा और आपको परीक्षा केद्र से बाहर जाने के लिये भी कहा जा सकता है।

8. **पुस्तकें, पर्चियाँ, गणक मशीन एवं सेल फोन का उपयोग :** अलग से या घडी के साथ बनी गणक मशीन, सेलफोन, पुस्तकें, स्लाईड रूलर्स, नोटबुक, स्मार्टवॉच या लिखी हुई पर्चियों को परीक्षा भवन के अंदर ले जाने की अनुमति **नहीं** दी जाएगी।

9. जब तक आपको अनुमति न मिले तब तक अपनी सीट मत छोड़िये।

10. **लेखन सामग्री का प्रयोग:** आप अपने साथ पेंसिले, बाल प्वाइंट पेन, रबड़, नीला इंक स्टाम्प पैड जैसी लेखन सामग्री अवश्य लाएं।

11. **कच्चा कार्य दिए गए कागज पर करना:** आप सभी आवश्यक कच्चा कार्य दिए गए कागजों पर करें। **परीक्षा समाप्त होने के बाद आप अपने कच्चे कागज निरीक्षक को जमा करें। आपके द्वारा उपयोग किए गए हर कच्चे कागज पर आपको अपना नाम, रोल नंबर, पंजीकरण नंबर और परीक्षा की तिथि लिखनी होगी।** यदि कोई उम्मीदवार इस सामग्री को वापस नहीं करता है अथवा प्रश्न या उत्तर कमरे के अन्दर अथवा बाहर ले जाने अथवा देने का प्रयत्न करता हुआ पाया जाता है तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और बैंक अपने नियमों के अनुसार उसके विरुद्ध आगे कार्यवाही कर सकता है।

12. **आप द्वारा वस्तुनिष्ठ प्रश्नावलियों में गलत उत्तर देने पर दंड स्वरूप अंकों में कटौती की जाएगी।** सभी प्रश्नावली में पूछे जाने वाले प्रत्येक प्रश्न के पांच वैकल्पिक उत्तर दिए जाते हैं। ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में एक चौथाई अंक काट लिए जायेंगे। अगर कोई प्रश्न खाली छोड़ दिया जाता है, अर्थात आप उसका उत्तर नहीं देते हैं तो उस प्रश्न के लिये अंकों में कोई भी कटौती नहीं की जायेगी। अगर किसी प्रश्नावली में कटौती किये गये अंक अंशों में होंगे तो उन्हे निकटतम पूर्णांकों में बदल दिया जाएगा। **अतः उत्तर देते समय आपको अत्यंत सावधान रहना चाहिए।**

13. **नकल करना/कदाचार/अनुचित व्यवहार :** यदि उम्मीदवार निम्नलिखित कार्यों में लिप्त पाये गये ----

i) नकल करते हुए या नकल करने देते हुए;

ii) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का उपयोग करते हुए;

iii) छद्म रूप धारण करते हुए या किसी व्यक्ति द्वारा छद्म रूप धारण करवा कर प्रस्तुत कराते हुए;

iv) परीक्षा केद्र पर दुर्व्यवहार करते हुए;

v) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करना, प्रकाशित करना, पुनः प्रस्तुत करना, ट्रांसमिट करना, स्टोर करना या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाना या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाना या परीक्षा सामग्री पर अनधिकृत कब्जा करना।

vi) अन्य किसी अनियमित या अनुचित साधनों का आश्रय लेते हुए;

vii) अन्य किसी रूप में अपनी उम्मीदवारी का समर्थन प्राप्त करते हुए।

तो वह उम्मीदवार आपराधिक अभियोजन के साथ साथ निम्नलिखित का भी पात्र होगा :-

(क) चयन प्रक्रिया के अयोग्य माना जाना

(ख) बैंक द्वारा ली जानेवाली किसी भी परीक्षा या चयन के लिए स्थायी रूप से/किसी अवधि विशेष के लिए रोका जाना।

उम्मीदवारों को गलत सूचना भरने/प्रस्तुत करने/सूचना में हेरफेर करने/गढ़ने या महत्त्वपूर्ण तथ्य छिपाने के विरुद्ध चेतावनी दी जाती है।

**एकरूपता के पैटर्न का पता लगाने के लिए बैंक उम्मीदवार के प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के प्रत्युत्तरों के साथ विश्लेषण करेगा। ऐसे विश्लेषण के आधार पर यदि यह पाया जाता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो बैंक उसकी उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकार आरक्षित रखता है।**

14. **लैब/केंद्र छोड़ने से पहले अभ्यर्थियों को निम्न दस्तावेज जमा करने होंगे:**

**- बुलावा पत्र (प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा)**

**- फोटो पहचान पत्र की फोटोकॉपी**

**- रफ शीट**

**- स्क्राइब घोषणा (अगर लागू हो)**

15. **यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा : परीक्षा के संबंध में कोई यात्रा भत्ता या अन्य खर्च नहीं दिए जाएंगे। कृपया यह भी नोट कर लें कि बुलावा पत्र भारतीय स्टेट बैंक द्वारा नौकरी का प्रस्ताव नहीं है।**

16. परीक्षा के संचालन में किसी समस्या की संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता है जिसकी वजह से रिजल्ट को जनरेट करना और/या सुपुर्द करना प्रभावित हो सकता है। इस वारदात के बाद पूरा प्रयास किया जाएगा कि समस्या का समाधान हो जाए जिसमें यदि आवश्यक हुआ तो उम्मीदवारों को एक स्थान/लैब/कंप्यूटर (नोड) से दूसरे पर ले जाना और पुनः परीक्षा लेना शामिल होगा।

17. निम्न वस्तुएं परीक्षा कक्ष (लॅब) के भीतर अनुमत नहीं होंगीं :-

कोई भी स्टेशनरी आइटम जैसे पाठ्य सामग्री (मुद्रीत या लिखित), कागज के टुकड़े ज्यामेट्री/पैंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, स्केल, राइटिंग पैड, पेन ड्राइव, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन/स्कैनर। कोई भी संचार उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, ईयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ

बैंड आदि। अन्य वस्तुएं जैसे गॉगल्स, हैंडबैग, हेयर-पिन, हेयर-बैंड, बेल्ट, टोपी, कोई भी घड़ी/हाथ-घड़ी, कैमरा, धातु की कोई भी वस्तु, खुली हुई या पैक की गई कोई भी खाद्य सामग्री, पानी की बोतले (केवल पारदर्शी पानी की बोतल लानी चाहिए)। ऐसी कोई भी अन्य वस्तु, जिसका इस्तेमाल मोबाइल फोन, कैमरा, ब्यूटूथ उपकरणों आदि जैसे संचार उपकरणों को छिपाने के लिए अनुचित साधनों हेतु किया जा सके।

आपको आभूषण जैसे अंगूठी, बालियां, नोज़-पिन, चेन/नेकलेस, पेंडेंट, बैज, ब्रोच आदि न पहनने की सलाह दी जाती है।

18. तारीख, समय और स्थल में परिवर्तन सहित चयन हेतु किसी भी सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा ।
19. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे "The Public Examinations (Prevention of Unfair Means) Act, 2024". पर ध्यान दें ।

20. **उम्मीदवार पंजीकरण:**

**परीक्षा स्थल पर, अभ्यर्थी का पंजीकरण फोटो और IRIS स्कैन लेकर किया जाएगा) VI अभ्यर्थियों के दाएं अंगूठे का बायोमैट्रिक कैप्चर किया जाएगा)। ली गई फोटो आवेदन (बुलावा पत्र में यथा मुद्रित) में आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो से मिलायी जाएगी ।**

**IRIS स्कैन**

परीक्षा स्थल पर IRIS स्कैन किया जाएगा। किसी भी अवसर पर IRIS स्कैनिंग की प्रक्रिया में भाग लेने से मना करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है। इस संबंध में कृपया निम्नलिखित को नोट करें :

(a) सभी अभ्यर्थियों की 'बाईं आँख (IRIS)' कैप्चर की जाएगी।

(b) IRIS की कैप्चरिंग के समय अभ्यर्थी को कांटैक्ट लेंस तथा चश्मा हटाना होगा। अभ्यर्थीयों को चाहिए कि वे कांटैक्ट लेंस पहनने से बचें तथा वरीयतः चश्मा पहनें।

**VI अभ्यर्थियों** के दाएं अंगूठे का बायोमैट्रिक कैप्चर किया जाएगा। यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई हो) तो उन्हें धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए। (इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा।)

परीक्षार्थियों को व्यवस्थित ढंग से अर्थात एक बार में एक परीक्षार्थी को बाहर निकलने की अनुमति दी जाएगी। कृपया परीक्षा निरीक्षक से अनुदेश की प्रतीक्षा करें और जब तक सूचित न किया जाए, अपनी सीट से न छोड़े।

## चरण II : मुख्य परीक्षा

मुख्य परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जायेगी और उसमें वस्तुनिष्ठ परीक्षा 200 अंकों की और वर्णनात्मतक परीक्षा 50 अंकों की होगी। वर्णनात्मक परीक्षा वस्तुनिष्ठ परीक्षा पूरी होने के तत्काल बाद आयोजित की जायेगी और उम्मीदवारों को वर्णनात्मक परीक्षा के उत्तर कंप्यूटर में टाइप करने होंगे।

**(i) वस्तुनिष्ठ परीक्षा :** वस्तुनिष्ठ परीक्षा की अवधि 3 घंटों की होगी और उसमें कुल 200 अंकों के 4 खण्ड होंगे। वस्तुनिष्ठ परीक्षा में प्रत्येक खण्ड के लिए अलग-अलग समय होगा।

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तर्क और कंप्यूटर योग्यता | 40 | 60 | 50 मिनट |
| 2. | डाटा विश्लेषण और विवेचन | 30 | 60 | 45 मिनट |
| 3. | सामान्य जानकारी/अर्थव्यवस्था/बैंकिंग ज्ञान | 60 | 60 | 45 मिनट |
| 4. | अंग्रेजी भाषा | 40 | 20 | 40 मिनट |
| | **कुल** | **170** | **200** | **3 घंटे** |

(ii) **वर्णनात्मक परीक्षा :** वर्णनात्मक परीक्षा की अवधि 30 मिनट की होगी । यह परीक्षा केवल अंग्रेजी भाषा में ही देनी है।

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| (ii) | # संचार कौशल | | | |
| I | ईमेल लेखन | 2 में से 1 | 15 | 30 मिनट |
| II | स्थिति विश्लेषण लेखन | 2 में से 1 | 15 | |
| III | रिपोर्ट लेखन / सारांश लेखन | 2 में से 1 | 20 | |
| | **कुल योग** | | **50** | **30 मिनट** |

**मुख्य परीक्षा में सेक्शनल कट-ऑफ/न्यूनतम अर्हता अंक :**

❖ **प्रत्येक उम्मीदवार को मुख्य परीक्षा में प्रत्येक परीक्षा (यानी परीक्षा I, II, III, IV और वर्णनात्मक प्रश्नपत्र में अलग-अलग रूप से) में न्यूनतम अंक प्राप्त करना होगा ।**

❖ **उपलब्ध रिक्तियों की संख्या के आधार पर, अनुभागीय कट-ऑफ तय की जाएगी और उम्मीदवारों को चरण III के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा ।**

**चरण - III के लिए चयन का मानदंड**

**चरण - II** (मुख्य परीक्षा) में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर वर्गवार मेरिट लिस्ट बनाई जाएगी। चरण - III के लिए उम्मीदवारों की सूची वर्गवार में मेरिट में ऊपर से कुल रिक्तियों की 3 गुनी (लगभग) तैयार की जाएगी, बशर्ते उम्मीदवार ने बैंक द्वारा निर्णीत न्यूनतम कुल अंक प्राप्त किए हों।

**गलत उत्तरों के लिए दंड :**

वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अंकित किए गए गलत उत्तरों के लिए दंड होगा। सही स्कोर को प्राप्त करने हेतु उम्मीदवार द्वारा दिए गए प्रत्येक गलत उत्तर के लिए, उस प्रश्न के लिए निर्दिष्ट अंकों से एक चौथाई अंक दंड के तौर पर काटे जाएंगे। यदि प्रश्न को छोड़ दिया गया हो, अर्थात उम्मीदवार द्वारा किसी भी उत्तर को अंकित न किया गया हो, तो उस प्रश्न के लिए कोई दंड नहीं होगा।

**चरण III:**

**साइकोमेट्रिक टेस्ट:**

बैंक उन उम्मीदवारों के व्यक्तित्व प्रोफाइलिंग के लिए साइकोमेट्रिक टेस्ट आयोजित करेगा, जिन्हें चरण III के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। उम्मीदवारों के बारे में व्यापक दृष्टिकोण रखने के लिए परीक्षण के निष्कर्ष को साक्षात्कार पैनल के समक्ष रखा जा सकता है:

चरण III में (क) साइकोमेट्रिक टेस्ट (ख) समूह अभ्यास और (ग) साक्षात्कार शामिल हैं:

| **परीक्षण संरचना** | **समूह अभ्यास** | **साक्षात्कार** | **कुल** |
|---|---|---|---|
| **अधिकतम अंक** | 20 | 30 | **50** |

न्यूनतम अर्हता अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे।

**अंतिम चयन:**

उम्मीदवारों को चरण-II और चरण-III, दोनों अलग अलग पास करना होगा। अंतिम मेरिट सूची तैयार करने के लिए मुख्य परीक्षा (चरण-II) की वस्तुनिष्ठ परीक्षा और वर्णनात्मक परीक्षा, दोनों में प्राप्त अंकों को चरण-III में प्राप्त अंकों में जोड़ दिया जायेगा। **चयन के लिए अंतिम मेरिट सूची तैयार करने के लिए प्रारंभिक परीक्षा (चरण-I) में प्राप्त अंकों को शामिल नहीं किया जायेगा।**

चरण-II (मुख्य परीक्षा, वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक परीक्षा दोनों) और चरण-II (समूह अभ्यास और साक्षात्कार) में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों को नीचे दिए गए विवरण के अनुसार 100 अंकों के लिए सामान्यीकृत किया जायेगा।

| **परीक्षा** | **मुख्य परीक्षा** | **समूह अभ्यास और साक्षात्कार** | **कुल** |
|---|---|---|---|
| **अधिकतम अंक** | 250 | 50 | **300** |
| **सामान्यीकृत अंक** | 75 | 25 | **100** |

चरण-II और चरण-III के अंकों को परिवर्तित कर कुल (100 में से) अंकों से अंतिम मेरिट सूची बनाई जाती है। प्रत्येक श्रेणी में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों में से चयन किया जाएगा।

### नमूना प्रश्न

नीचे कुछ नमूने के प्रश्न दिए गए हैं जो प्रत्येक प्रश्नावली में से चुने गये हैं। ये प्रश्न केवल उदाहरण के लिये हैं, व्यापक नहीं। अतः वास्तविक परीक्षा में आपको इनमें से कुछ या सभी प्रकार के प्रश्न मिल सकते हैं या वे भी मिल सकते हैं जिनका उदाहरण यहाँ नहीं दिया गया है।

## तर्क और कंप्यूटर अभिवृत्ति

यह प्रश्नावली यह देखने के लिए है कि आप कितनी अच्छी तरह से सोच सकते हैं और कम्प्यूटर के साथ काम करने की आपकी अभिरूचि/ज्ञान संबंधी निर्णय लेने के लिये भी है। इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होंगे। यहाँ नमूना के तौर पर प्रश्न दिये हैं।

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में, पांच अक्षर समूह या शब्द दिये गये हैं। इनमें से चार अक्षर समूहों या शब्दों में किसी न किसी प्रकार की समानता है जबकि एक भिन्न है। ज्ञात कीजिए कि कौनसा एक भिन्न है।

**प्र.1.** (1) काला (2) लाल (3) हरा (4) रंग (5) पीला

उक्त पांचों में 'काला', 'लाल', 'हरा' तथा 'पीला' एक समूह बनाते हैं क्योंकि वे सभी रंगों के नाम हैं। रंग किसी रंग का नाम नहीं हैं। अतः उत्तर (4) है।

अब निम्नलिखित प्रश्न हल करने का प्रयास कीजिए।

**प्र.2.** (1) BC (2) MN (3) PQ (4) XZ (5) ST

**प्र.3.** (1) आम (2) सेब (3) संतरा (4) अमरूद (5) गुलाब

**निर्देश :** नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न चिह्न लगा है। उसके नीचे दिये गये पाँच विकल्पों में से केवल कोई एक ही उस तरह के संबंध को प्रकट करता हैं जो कि प्रश्न में : : चिह्न के बायीं ओर वाले दो शब्दों में है। सही उत्तर ज्ञात कीजिये।

**प्र.4.** चरण : मनुष्य : : खुर : ?

(1) पैर (2) कुत्ता (3) घोड़ा (4) लड़का (5) जूता

उक्त उदाहरण में 'चरण' और 'मनुष्य' में जो संबंध है उसी के अनुसार 'खुर' का 'घोड़ा' विकल्प से है, अतः आपका उत्तर 3 है।

अब निम्नलिखित प्रश्न हल करने का प्रयास कीजिए।

**प्र.5.** दिन : रात : : दयालु : ?

(1) अंधेरा (2) प्रकाशमान (3) क्रूर (4) उदार (5) कृतज्ञता

**प्र.6.** झोपड़ी : महल : : खरगोश : ?

(1) गड्ढा (2) गाजर (3) हाथी (4) छोटा (5) चूहा

अब निम्नलिखित प्रश्न का अध्ययन कीजिए।

**प्र.7.** TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरु होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है। यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर है X।

(1) T (2) P (3) M (4) S (5) X

**प्र.8.** 'कुछ नेता बेईमान होते हैं। सत्यप्रिय नेता है।' इन दो कथनों से निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित निष्कर्ष निकलता है ?

(1) सत्यप्रिय ईमानदार है (2) सत्यप्रिय बेईमान है (3) कुछ नेता ईमानदार होते हैं

(4) नेता सामान्यतः बेईमान होते हैं (5) सत्यप्रिय कभी-कभी बेईमान हो जाते हैं

**प्र.9.** यदि 'A ” B' का अर्थ है 'A में B जोडें', 'A ’ B' का अर्थ है 'A में से B घटायें', 'A # B' का अर्थ है 'A को B से विभाजित करें' और 'A ∨ B' का अर्थ है 'A का B से गुणा करें'; तब निम्नलिखित में से कौनसा दो दिन के विक्रय का औसत है जब $S_1$ और $S_2$ क्रमशः पहले और दूसरे दिन के विक्रय हैं?

(1) ($S_1$ ’ $S_2$) # 2 (2) 2 # ($S_1$ ” $S_2$) (3) ($S_1$ ” $S_2$ # 2)

(4) ($S_1$ ∨ $S_2$) # ($S_1$ ” $S_2$) (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.10.** मतदाता के रुप में रजिस्टर्ड अठारह वर्ष से अधिक आयु का प्रत्येक व्यक्ति मतदान कर सकता है। बीस वर्ष पूर्व जन्मा हुआ मधु मतदान कर सकता है या नहीं यह पता लगाने के लिए निम्नलिखित में से और क्या जानकारी आवश्यक है।

(I) मधु की जन्म तारीख (II) मधु मतदाता के रुप में रजिस्टर्ड है या नहीं.

(1) केवल। (2) केवल।। (3) या तो। और।। (4) न तो। और नही।। (5) । और।। दोनों

**प्र.11.** नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष। और।। दिये गए हैं। आपको दिए गए दोनों कथनों को सत्य समझना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से मेल न खाते हों। दोनों निष्कर्षों को पढ़िए और फिर तय किजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौनसा निष्कर्ष तर्कसंगत रुप से इन दोनों कथनों का अनुसरण करता है, चाहे सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों।

कथन : सभी मशीन खिड़कीयां है। सभी खिड़कीयां बादल हैं।

निष्कर्ष :। सभी मशीन बादल हैं।

।। सभी बादल मशीन हैं।

(1) कोई अनुसरण नहीं करता है (2) केवल। अनुसरण करता है (3) । और।। दोनों अनुसरण करते हैं

(4) केवल।। अनुसरण करता है (5) या तो। या।। अनुसरण करता है

## डाटा विश्लेषण और विवेचन

यह प्रश्नावली संख्यात्मक गणनाओं, जैसे संगणन, संख्यात्मक तर्कसंगतता, सारणियों एवं आलेखों से निष्कर्ष निकालना आदि में आपकी गति एवं शुद्धता की जाँच के लिये है।

**प्र.1-3.** निम्नलिखित सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**एक चयन परीक्षा में लिखित परीक्षा में 300 में से और साक्षात्कार में 100 में से उम्मीदवारों के प्राप्तांकों के अनुसार 1000 उम्मीदवारों का वर्गीकरण**

| लिखित परीक्षा अंक | साक्षात्कार के अंक | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30 से कम | 30-39 | 40-49 | 50-59 | 60-69 | 70 और अधिक |
| 260 और अधिक | 8 | 18 | 26 | 18 | 26 | 4 |
| 210 से 259 | 5 | 4 | 30 | 22 | 10 | 9 |
| 160 से 209 | 16 | 10 | 45 | 56 | 18 | 9 |
| 110 से 159 | 28 | 42 | 100 | 190 | 15 | 5 |
| 60 से 109 | 35 | 115 | 20 | 8 | 7 | 5 |
| 60 से कम | 32 | 32 | 20 | 4 | 6 | 2 |

**प्र.1.** कितने उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में 69 प्रतिशत और अधिक अंक मिले हैं ?

(1) 22 (2) 49 (3) 13 (4) 9 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** लगभग 325 उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण करना है तो उत्तीर्ण होने के लिए कितने प्रतिशत अंक होने चाहिए ?

(1) 20 से अधिक (2) 70 से अधिक (3) 36 से अधिक (4) 63 से अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** लगभग 42 प्रतिशत उम्मीदवार साक्षात्कार के अंकों की निम्नलिखित में से किस श्रेणी में आते हैं ?

(1) 110-159 (2) 110 और कम (3) 50 से 70 (4) 50 और अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

कुछ प्रश्नों में अंकगणितीय तर्कशक्ति आवश्यक होगी। जैसे :

**प्र.4.** 10 पैसे प्रति नींबू के भाव से 6 नींबूओं की कीमत कितने पैसे होगी ?

(1) 6 (2) 10 (3) 60 (4) 610 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5.** निम्नलिखित में से कौनसा अंक 4 का सटीक गुणक है ?

(1) 27114 (2) 58204 (3) 48402 (4) 32286 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.6.** यदि 10 रुपये में एक पैन बेचने पर लाभ उसकी लागत के बराबर है, तो पैन का मूल्य क्या है ?

(1) 3/- रु. (2) 5/- रु. (3) 10/- रु. (4) 20/-रु. (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

इसके अतिरिक्त आलेखों और सारणियों पर भी कुछ प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

**प्र.7-9. निर्देश :** नीचे सारणी में कुल 700 में से कर्मचारियों का प्रतिशत दर्शाया गया है जो 6 विशेषताओं को दी गयी श्रेणियों के आधार पर है जिनसे पदोन्नति में सहायता मिलती है। श्रेणी। सबसे अधिक है। सारणी का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा उसके नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर दें :

| विशेषता | विभिन्न श्रेणियां देने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | I | II | III | IV | V | VI |
| वरिष्ठता | 32 | 17 | 22 | 19 | 5 | 5 |
| अध्यवसाय | 14 | 19 | 17 | 9 | 27 | 14 |
| कार्य क्षमता | 15 | 19 | 21 | 14 | 14 | 17 |
| बुद्धिमत्ता | 10 | 14 | 10 | 14 | 17 | 35 |
| ईमानदारी | 24 | 17 | 7 | 9 | 27 | 16 |
| सामाजिकता | 5 | 14 | 23 | 35 | 10 | 13 |

**प्र.7.** पदोन्नति के लिए किस विशेषता को सर्वोच्च श्रेणी मिली है ?

(1) अध्यवसाय (2) वरिष्ठता (3) ईमानदारी (4) सामाजिकता (5) कार्य क्षमता

सारणी में श्रेणी I का प्रतिशत देखिये। आप देखेंगे कि वरिष्ठता को अधिकतम प्रतिशत दिया गया है। अतः आपका उत्तर है **वरिष्ठता** जिसका क्रमांक (2) है।

**प्र.8.** कितने कर्मचारियों ने बुद्धिमता को श्रेणी III दी हैं ?

(1) 119 (2) 98 (3) 77 (4) 70 (5) 10

स्तंभ तथा पंक्ति के उस प्रतिछेदन की तरफ देखिये जहाँ पर श्रेणी।।। के लिये स्तंभ में प्रतिशत दिया है और बुद्धिमत्ता के लिये प्रतिशत पंक्ति में दिया गया है। आप देखेंगे कि 700 कर्मचारियों में से 10 प्रतिशत लोगों ने बुद्धिमत्ता विशेषता को श्रेणी III दी हैं। 700 कर्मचारियों का 10 प्रतिशत 70 है। अतः आपका उत्तर होगा क्रमांक (4)।

**प्र.9.** पदोन्नति के लिए सबसे कम महत्त्वपूर्ण विशेषता किसे माना गया है ?

(1) ईमानदारी (2) बुद्धिमत्ता (3) अध्यवसाय (4) कार्य क्षमता (5) सामाजिकता

श्रेणी VI के प्रतिशत के संदर्भ में आपको पता चलेगा कि बुद्धिमत्ता को अधिकतम प्रतिशत दिये गये हैं। इसका अर्थ है कि अधिकांश लोग इसे सबसे कम महत्त्वपूर्ण मानते हैं और इसे अंतिम श्रेणी प्रदान करते हैं। अतः आपका उत्तर (2) है।

## सामान्य जानकारी / अर्थव्यवस्था / बैंकिंग ज्ञान

यह प्रश्नावली समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अतीत और वर्तमान व्यक्तियों और घटनाओं के प्रति आपकी जागरूकता का पता लगाने के लिये है।

**प्र.1.** काले धन को सफेद (वैध) करने (Money laundering) के जोखिम का सामना करने के लिए निम्नलिखित में से किस वित्तीय संस्थान ने अपने ग्राहक को जानों (Know Your Customer) योजना शुरू की है ?

(1) आईडीबीआई (IDBI) (2) भा.रि.बैं. (3) नाबार्ड (4) सिडबी (SIDBI) (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** भारत में, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र ने, राज्यों की आय की वृद्धि तय करने में, अधिकतम योगदान दिया है ?

(1) ऊर्जा (2) पर्यटन (3) सेवा (4) परिवहन (5) कृषि

**प्र.3.** निम्नलिखित में से वह कौन सा राज्य है जिसमें गरीबी रेखा के नीचे रहनेवाले लोगों की संख्या अधिकतम हैं ?

(1) बिहार (2) आंध्र प्रदेश (3) उत्तर प्रदेश (4) राजस्थान (5) उड़िसा

**प्र.4.** निम्नलिखित में से कौनसा व्यक्ति ऑपरेशन फ्लड कार्यक्रम से नजदिकता से जुड़ा है और पदम विभूषण से सन्मानित किया गया है?

(1) डा. वी. कुरीयन (2) डा. एम. एस. स्वामीनाथन (3) डा. अमर्त्य सेन
(4) श्री एल्. के. अडवानी (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5.** मौद्रिक नीति का संबंध से है ?

(1) मुद्राकी आपूर्ति में परिवर्तन (2) वित्तिय लिखितों के क्रय -विक्रय (3) रोजगार घटाने होने
(4) (1), (2) और (3) सभी (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## अंगेजी भाषा

इस प्रश्नावली का प्रयोजन आपके अंग्रेजी भाषा ज्ञान की परीक्षा करना है। व्याकरण, शब्दावली, वाक्य पूर्ण करना, समानार्थी, विलोमार्थी, अनुच्छेद की बोधगम्यता आदि प्रश्नों से आपके अंग्रेजी भाषा संबंधी ज्ञान की परीक्षा की जाएगी। नीचे कुछ नमूने के प्रश्न प्रस्तुत हैं, उनका अध्ययन करें और उत्तर दें।

**निर्देश :** निम्नलिखित वाक्यों को सार्थक ढंग से पूर्ण करने के लिए वाक्यों के नीचे दिये गये शब्दों में से उपयुक्त शब्द का चयन करें।

**प्र.1.** He quickly glanced ............................. the book to find what it said about the Indian economy.

(1) at (2) through (3) in (4) to (5) over

इसका ठीक उत्तर “through” है जिसकी विकल्प संख्या ‘2’ है।

**प्र.2.** The counsel urged the court to .......................... down the obnoxious law.

(1) enact (2) enforce (3) cancel (4) strike (5) declare

**प्र.3.** The local official .......................... the Minister of the situation.

(1) explained (2) warned (3) apprised (4) told (5) intimated

**निर्देश :** कृपया प्रत्येक वाक्य पढ़कर यह पता करें कि क्या उसमें कोई व्याकरण संबंधी गलती है ? यदि कोई गलती हो तो वह वाक्य के किसी एक भाग में होगी। उस भाग का क्रमांक ही आपका उत्तर है। यदि वाक्य में कोई गलती नहीं है तो उत्तर (5) है।

**प्र.4.** I am twenty (1) / two years old (2) / when I first (3) / joined the bank. (4) No error (5)

गलती (1) में है। अतः उत्तर ‘1’ है।

**प्र.5.** To the Hindus (1) / the Ganga is (2) / holier than (3) / any other river. (4) No error (5)

इस प्रश्न में कोई गलती नहीं है। अतः इस प्रश्न का ठीक उत्तर ‘5’ है।

प्र.6. Of all the teachers / in our school / our class teacher / were very strict. No error
(1) (2) (3) (4) (5)

**निर्देश :** प्रत्येक प्रश्न में दिये गये पाँच विकल्पों में से ऐसा शब्द चुनें जो अर्थ की दृष्टि से बड़े अक्षरों में लिखे गये शब्द के अर्थ के समीप हो।

**प्र.7.** LETHAL
(1) light (2) dangerous (3) deadly (4) cruel (5) thoughtless

**प्र.8.** CENTENARY
(1) a guard (2) a hundred years (3) a very old man
(4) hundred runs (5) hundredth anniversary

**प्र.9.** TRIUMPH
(1) conquer (2) smash (3) earn (4) brave (5) capture

**निर्देश :** प्रत्येक प्रश्न में दिये गये पाँच विकल्पों में से ऐसा शब्द चुनें जो अर्थ की दृष्टि से बड़े अक्षरों में लिखे गये शब्द का विपरीतार्थी हो।

**प्र.10.** LIVELY
(1) simple (2) weak (3) dull (4) angry (5) moron

**प्र.11.** INADVERTENT
(1) adequate (2) available (3) sluggish (4) negligent (5) intentional

**प्र.12.** INEPT
(1) accurate (2) skilful (3) sensible (4) artistic (5) apt

इसके अतिरिक्त आपकी अनुच्छेद की बोधगम्यता की परीक्षा के लिए अनुच्छेद पर आधारित प्रश्न होंगे।

## ऑनलाईन परीक्षा पैटर्न का विवरण

1. उम्मीदवार को एक लॉगिन स्क्रीन प्रदर्शित की जाएगी। उम्मीदवार को अपनी यूज़र आईडी और पासवर्ड, जो कॉल लेटर पर उपलब्ध कराया गया है, का इस्तेमाल करते हुए लॉग इन करना होता है।

2. उम्मीदवार की प्रोफाइल (नाम, रोल नंबर और फोटोग्राफ आदि) में लॉग इन करने के बाद प्रदर्शित किया जाएगा और उम्मीदवार को प्रोफाइल की पुष्टि करने वाले 'I Confirm' बटन पर क्लिक करके इसकी पुष्टि करनी होगी।

3. इसके बाद निर्देश स्क्रीन पर प्रदर्शित किए जाएंगे।

4. उम्मीदवार को निर्देशों को ध्यान से पढ़ना चाहिए और यह इंगित करना चाहिए कि उसने स्क्रीन के नीचे बॉक्स 'चेकिंग' (क्लिक करें) करके इन्हें पढ़ लिया गया निर्दिष्ट कर देना चाहिए, जिसके बाद 'I am ready to begin' बटन सक्रिय हो जायेगा।

5. **'I am ready to begin'** बटन पर क्लिक करने के बाद वास्तविक परीक्षण का समय शुरू हो जाएगा।

6. ऑनलाइन मुख्य परीक्षा में कुल 155 प्रश्न होंगे और प्रत्येक प्रश्न के बाद 5 विकल्प/विकल्प होंगे।

7. अंग्रेजी भाषा के पत्र को छोड़कर अन्य प्रश्न हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध होंगे। किसी दिए गए प्रश्न को अन्य भाषा में देखने के लिए, उम्मीदवार 'View In' ड्रॉप डाउन बॉक्स पर क्लिक कर सकता है और वांछित भाषा का चयन कर सकता है।

8. एक बार में केवल एक प्रश्न प्रदर्शित किया जाएगा।

9. वस्तुनिष्ठ परीक्षा प्रवेश की कुल अवधि 180 मिनट (प्रत्येक अनुभाग के लिए अलग समय) है।

10. प्रतिपूरक समय के लिए पात्र उम्मीदवार को प्रत्येक 60 मिनट के लिए 20 मिनट की अनुमति दी जाएगी।

11. **किसी प्रश्न का उत्तर देने के लिए, उम्मीदवार को उस विकल्प को 'माउस क्लिक' करना होता है जो वह उचित सोचता है/ जिस विकल्प पर क्लिक किया गया है, वह हाईलाइट जाएगा और इसे प्रश्न के लिए उम्मीदवार द्वारा दिए गए उत्तर के रूप में माना जाएगा।**

12. एक प्रश्न के लिए एक उत्तर का चयन करने के बाद उम्मीदवार को अपने उत्तर को सेव करने और अगले प्रश्न पर आगे बढ़ने के लिए **'SAVE & NEXT'** बटन पर क्लिक करना चाहिए। ध्यान दें कि **'SAVE & NEXT'** बटन पर क्लिक किए बिना चयनित उत्तर सेव नहीं किया जाएगा।

13. ध्यान दें कि केवल उन प्रश्नों पर विचार किया जाएगा जिनके लिए उत्तर सेव किये जाते हैं या उत्तर देने के बाद समीक्षा के लिए चिह्नित किए जाते हैं, मूल्यांकन के लिए विचार किया जाएगा।

14. यदि कोई उम्मीदवार प्रश्न का प्रयास नहीं करना चाहता है तो उसे उस प्रश्न के लिए किसी भी विकल्प पर क्लिक नहीं करना चाहिए। एक उम्मीदवार प्रत्येक प्रश्न के सामने दिए गए **'CLEAR RESPONSE'** बटन पर क्लिक करके किसी विशेष प्रश्न के लिए अपने उत्तर को डिसेलेक्ट कर सकता है।

15. यदि कोई उम्मीदवार किसी विशेष प्रश्न को छोड़ना चाहता है और बाद में किसी विशेष अनुभाग में उस पर लौटना चाहता है, तो वह उस खंड के लिए निर्धारित समय के दौरान ऐसा कर सकता है।

16. हल और छोड़ दिए गए प्रश्नों के प्रश्न संख्याओं को भी स्क्रीन के दाईं ओर दिखाया गया है। इसके बाद एक उम्मीदवार प्रश्न को हल या संशोधित करना चाहे तो उस प्रश्न संख्या पर क्लिक कर सकता है।

17. प्रत्येक अनुभाग की अलग टाइमिंग होती है। एक उम्मीदवार स्क्रीन के दाईं ओर प्रदर्शित प्रश्न संख्या पर क्लिक करके उस अनुभाग के लिए निर्धारित समय के दौरान एक अनुभाग के भीतर प्रश्नों के बीच नेविगेट कर सकता है।

18. स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :

 **आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।**

 **आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।**

 **आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।**

 **आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।**

 **प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।**

पुनर्विचार के लिए चिह्नित (Marked for Review) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दुबारा देखने के लिए सेट किया है। यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा।

19. **किसी भी परिस्थिति में उम्मीदवार को परीक्षा शुरू होने के बाद किसी भी ' Keyboard Keys ' पर क्लिक नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी।**

20. घड़ी सर्वर पर सेट की जाएगी। स्क्रीन के शीर्ष दाएं कोने में उलटी गिनती टाइमर आपके लिए परीक्षा पूरी करने के लिए उपलब्ध शेष समय प्रदर्शित करेगा। टाइमर शून्य पर पहुंचने पर परीक्षा अपने आप खत्म हो जाएगी।

**<u>परीक्षा सबमिट करना :</u>**

21. एक उम्मीदवार उस अनुभाग के लिए निर्धारित समय के भीतर एक अनुभाग में एक प्रश्न के लिए अपना उत्तर बदल सकता है।

22. समय समाप्त होने के बाद उम्मीदवार किसी भी प्रश्न का प्रयास नहीं कर पाएंगे या उनके उत्तरों की जांच नहीं कर पाएंगे। परीक्षा का समय पूरा होने पर, उम्मीदवारों के उत्तर कंप्यूटर सिस्टम द्वारा अपने आप सेव कर लिए जाएंगे, भले ही उन्होंने "SUBMIT" बटन पर क्लिक न किया हो।

23. कृपया ध्यान दें कि एक उम्मीदवार को "Final Submit" करने की अनुमति नहीं दी जाएगी जब तक कि वे परीक्षा के वास्तविक परीक्षा समय समाप्त नहीं हुआ हैं।

## वर्णनात्मक प्रश्न पत्र के स्वरूप का विवरण

1. ऑनलाइन वस्तुनिष्ठ परीक्षा के तत्काल बाद ऑनलाइन वस्तुनिष्ठ वर्णनात्मक परीक्षा होगी।
2. उम्मीदवारों को वर्णनात्मक परीक्षा के जवाब कम्पयूटर पर टाइप करने होंगे।
3. उम्मीदवारों को की-बोर्ड के उपयोग की अनुमति होगी।
4. उम्मीदवारों के लिए Spellcheck की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।
5. उम्मीदवार परीक्षा का पूरा समय जो कि 30 मिनट है, सम्पन्न होने पर ही अपना उत्तर पत्र सबमिट कर सकते है।